Punjab Kesari 28.02.2014 Rewari Edition

माता राजकौर में आयोजित परमाणु ऊर्जा प्रदर्शनी का अवलोकन करते उपायुक्त व अन्य अतिथि। (छाया : ब्यूरो)

परमाणु ऊर्जा प्रदर्शनी को लेकर बनी रही उत्सुकता

रेवाड़ी, (शशि सैनी) : गांव सहारनवास स्थित माता राजकौर तकनीकी संस्थान में वैश्विक नाभिकीय उर्जा सांझेदारी केंद्र बहादुरगढ़ और डीएई के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त सी.जी. रजनीकांथन ने किया। माता राजकौर तकनीकी संस्थान के प्रधानाचार्य डा. राजकुमार ने संस्था में आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और सभा को संबोधित किया। एनएस गभाने, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, निर्माण सेवाएं और सम्पत्ति प्रबंधन निदेशालय, परमाणु उर्जा विभाग ने कार्यक्रम का परिचय दिया। मुख्य वक्ता डा. एके शर्मा, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख खादय प्रौद्योनिकी प्रभाग भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुम्बई द्वारा दिया गया। धन्यवाद प्रस्ताव एलआर जांगड़ा, प्रमुख समन्वय प्रभाग, जीसीएनईपी द्वारा दिया गया एवं संस्था के चैयरमेन अनिल राव ने परमाणु उर्जा विभाग द्वारा विस्थापित की गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीसीएनईपी का लक्ष्य परमाणु प्रसार के खतरे को कम करते हुए एक सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से परमाणु उर्जा के विस्तार को आगे बढ़ाना है। यह केंद्र प्रसार प्रतिरोधी परमाणु प्रणालियों के डिजाईन, परमाणु सुरक्षा, विकिरण सुरक्षा, परमाणु सामग्री लक्षण अध्ययन और विकिरण प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगो के क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित सुविधाएं प्रदान करेगा। जीसीएनईपी की स्थापना भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों/अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी के विशेषज्ञों और सामयिक मुद्दों पर इच्छुक देशो द्वारा शोध, प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से परमाणु उर्जा के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत की एक पहल है।